आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

वन विभाग की टीमों ने बहराइच जिले में एक और भेड़िये को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है जो ग्रामीणों पर हमला कर रहा था। बहराइच के तराई क्षेत्र में छह भेड़ियों के झुंड में से यह पाँचवाँ भेड़िया है, जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। पिछले कुछ महीनों में बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों के हमले में नौ बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग की बीस से अधिक टीमें ड्रोन कैमरों की मदद से भेड़ियों के झुंड की तलाश कर रही हैं। सरकार ने इलाके में भारी पुलिस बल के साथ–साथ पीएसी और वन विभाग की टीमें तैनात कर रखी हैं। अब तक कुल पांच भेड़ियों को पकड़ने में सफलता मिली है। इनमें से पहले पकड़े गये चार भेड़ियों को गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में छह सौ सैंतालीस वन रक्षकों और वन्यजीव रक्षकों तथा इकतालीस अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। नियुक्ति पत्र वितरण के लिए लोकभवन मे आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त वन रक्षक और वन्यजीव रक्षक जलवायु परिवर्तन का दुषप्रभाव कम करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश और दुनिया के लिए बड़ी चिन्ता का विषय है। इसे देखते हुए सरकार ने वर्ष दो हजार अट्ठाइस–उनतीस तक राज्य में पन्द्रह प्रतिशत वन आच्छादन का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रति वर्ष बड़े पैमाने पर पौध रोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौध रोपण केवल कार्यक्रम ही नही बल्कि जीवन रक्षा का बेहतरीन उपाय है।

****

प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न पण्डित गोविन्द वल्लभपंत की आज एक सौ सैंतीसवी जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में लोक भवन परिसर स्थित पण्डित पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पण्डित गोविन्द वल्लभ पंत ने अविभाजित उत्तर प्रदेश के लिए और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जो कार्य किये वे सदैव याद किये जायेगे।

****

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद ने सभी राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, आईटीआई में चौथे चरण के प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। तीन चरणों की प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आईटीआई में रिक्त सीटों की जानकारी परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चौथे चरण में प्रवेश की प्रक्रिया कल से शुरू होकर पन्द्रह सितंबर तक चलेगी।

****

हज कमेटी ऑफ इण्डिया ने हज यात्रा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को तेइस सितंबर के लिए बढ़ा दिया है। हज कमेटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर लियाकत अली ने बताया कि हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग कमेटी की वेबसाइट या मोबाईल एप हज सुविधा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के लिए अंतराष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता पन्द्रह जनवरी दो हजार छब्बीस तक होना अनिवार्य है। उधर राज्य हज कमेटी ने लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित हज हाउस में आवेदकों की मदद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया है।

****

कुशीनगर जिले में नगर क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा द्वारा संचालित पी.एम. स्वनिधि योजना में दो नगर पालिकाओं को बेहतर कार्य करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर चयनित किया गया है। डूडा के शहर मिशन प्रबन्धक राजदीप यादव ने बताया कि नगर पालिका हाटा को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए तथा नगर पालिक पडरौना को राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना को लेकर गोरखपुर नगर निगम को भी राष्ट्रीय श्रेणी के दो और राज्य श्रेणी के दो पुरस्कारों के लिए चयनित किया गया है। पुरस्कार वितरण कल लखनऊ में नगर विकास मंत्री द्वारा किया जाएगा।

****

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में राजकीय बौद्ध संग्रहालय के कायाकल्प के लिए शासन ने एक करोड़, अठहत्तर लाख, चौसठ हजार रुपये की धनराशि मंजूर की है। इस संबंध में कुशीनगर के विधायक पी एन पाठक ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से संग्रहालय परिसर स्थित जर्जर भवनों की मरम्मत के साथ ही सुंदरीकरण का कार्य किया जायेगा। उहोंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थली होने के कारण कुशीनगर में प्रतिवर्ष लाखों बौद्ध धर्म के अनुयायी और पर्यटक आते हैं।

****

पोषण माह के अंतर्गत आज वाराणसी के काशी विद्यापीठ ब्लॉक के मूड़ादेव ग्राम सभा में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह वर्ष तक के पच्चीस बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र की तरफ से बच्चों के अभिभावकों को पोषक आहार, टीकाकरण और स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया।

****